रा० से० योजना के सात दिवसीय शिविर की आख्या

दि० - 14-03-2023



(प्रथम दिवस) आख्या

राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय दिन-रात्री का विशेष शिविर राजकीय बालिका इन्टर कालेज नमजला मे 14-मार्च 2023 से 20 मार्च 2023 के मध्य आयोजित किया जाना है।

आज दिनाँक 14 मार्च 2023 को सभी स्वयंसेवक सर्वप्रथम प्रातः 9:00 बजे राजकीय स्नातकोत्तर महाविधालय मुनस्यारी के परिसर में एकत्रित हुए। उसके बाद सभी स्वयंसेवक शिविर स्थल की ओर प्रात: 10:30 बजे प्रस्थान किया और 11:30 बजे शिविर स्थल राजकीय बालिका इन्टर कालेज नमजला पहुचने के बाद सभी शिविरार्थियो ने शिविर स्थल में रहने की व्यवस्था बनाई। और शिविर स्थल में लाईट की व्यवस्था सभी कमरो और सफाई की गई। उसके बाद राजकीय स्ना०म० मुनस्यारी के रा०से०यो० के सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारम्भ रा० बा० इ० कालेज नमजला विधालय में म०वि० के प्राचार्य प्रो० हितेश कुमार जोशी द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। म०वि० प्राचार्य जी ने स्वयंसेवको को आशीर्वचन के साथ शुभकामनाएँ देते हुए रा०से०यो० के सात दिवसीय कैंप के महत्व के बारे में बताया। साथ ही रा० बा० इ० कालेज नमजला की प्रधानाचार्य सुश्री नीमा आर्या ने भी स्वयंसेवको को सम्बोधित करते हुए शिविर के सफल संचालन हेतु शुभकामनाएँ दी। रा०से०यो० कार्यक्रम अधिकारी श्री चन्द्र प्रकाश आर्या ने भी स्वयंसेवको सामाजिक कार्यो में बढ़-चढ़कर प्रतिभाग करने का आह्वान दिया। कार्यक्रम का संचालन डॉ० रवि जोशी ने किया। अन्त मे श्री अमित कुमार टम्टा जी ने सब अतिथियो का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम मे भागीरथी राणा, गणेश फर्स्वाण, कैलाश, धर्मेन्द्र सिंह, लक्ष्मण सिंह उपस्थित थे। उसके बाद स्वयंसेवको दिन का भोजन खा कर परिसर की व्यवस्था मे लग गये। शाम को सभी स्वयंसेवको ने रात्री भोजन 8:00 बजे खा कर सभी स्वयं सेवक अपने-2 कमरे में सो गये।

(शुभ रात्री)

प्राचार्य
डॉ० आर०एस० टोलिया
राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
मुनस्यारी

कार्यक्रम अधिकारी
राष्ट्रीय सेवा योजना
राजकीय महाविद्यालय
(पिथौरागढ़)

दिनाँक - 15-03-2023

(द्वितीय दिवस) (आरम्भ)

आज दिनाँक 15-03-2023 को सभी शिविरार्थी प्रातः 05.00 बजे उठे। उसके बाद सभी अपनी नित्य क्रिया में लग गये। तत्पश्चात 6:00 बजे सभी स्वयं सेवको द्वारा योगा व्यायाम किया गया। 8:00 बजे सभी स्वयं सेवको ने नास्ता किया गया। नास्ते के बाद सभी स्वयं सेवको द्वितीय दिवस के निर्धारित कार्यक्रम हेतु तैयार हुए।

सभी स्वयं सेवको द्वारा राजकीय बालिका इण्टर कालेज के परिसर की चारो तरफ से सफाई की गई। और परिसर के फूल की क्यारीयो को भी सुव्यवस्थित किया।

उसके बाद सभी स्वयंसेवक 11:30 बजे शिविर स्थल पहुँचकर अपना नहाना धोना करने लगे। तत्पश्चात 12:30 बजे सभी स्वयं सेवको द्वारा दोपहर का भोजन किया गया। भोजन करने के बाद सभी स्वयं सेवक विश्राम करने लगे गये। 2:30 बजे बौधिक सत्र चलाया गया। जिसमे ~~मुख्य वि० प्राध्यापको द्वारा~~ माटी संगठन से श्रीमती बीनादेवी निखाल जी एवं श्रीमती कमला पाण्डे जी ने बताया की हम लोग अपनी आजीविका के लिए किस तरह से अपना कारोबार कर सकते है। जैसे उन्होने बताया कि ऊनी कारोबार, बिच्छू घास से चाय बनाना, बुरांश के फूल से जूस बनाना। और उन्होने हमारे स्वयं सेवको यह बताया की हम अपने समाज मे महिलाओ पर होने वाले अत्याचार का भी हम विरोध करते है। और उन महिलाओ का भी सहयोग करते है। उसके बाद सभी स्वयंसेवको ने साम की चाय पी। उसके बाद स्वयंसेवक खेलकूद में व्यस्त रहे गये। फिर स्वयं सेवक शाम का भोजन बनाने की तैयारी करने लगे। 8:30 बजे सब ने भोजन किया और सब लोग अपने-२ सो गये। (शुभ रात्री)

प्राचार्य
स्व० डॉ० ... राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मुनस्यारी

कार्यक्रम ... 15.03.2023
राष्ट्रीय ...
राजकीय महा...

दिनाँक - 16-03-2023

(तृतीय दिवस) (आरम्भ)

Sunil
PAGE 32
DATE ______

आज दिनाँक 16 मार्च 2023 को विशेष शिविर का तृतीय दिवस है। आज भी हमेशा की तरह प्रात: 6:30 बजे शिविर स्थल की सफाई की गई। उसके बाद सभी स्वयं सेवको द्वारा व्यायाम व प्रार्थना की गई। उसके बाद स्वयं सेवको द्वारा 8:00 बजे नास्ता कीया गया। नास्ता करने के उपरान्त सभी स्वयं सेवकु राँथी ग्राम सभा मे साफ सफाई की गई तथा राँथी गाँव के मन्दिर (माँ नन्दा) के प्रांगण की भी साफ सफाई की गई। और राँथी के पानी का धारा भी स्वयं सेवको द्वारा सफाई की गई। उसके उपरान्त सभी स्वयं सेवको शिविर स्थल पहुचे। उसके बाद सभी स्वयं सेवको ने 11:30 बजे नहाना धोना किया। नहाना धोने के बाद थोडा विश्राम करने के बाद 12:30 बजे सभी ने भोजन किया दोपहर का भोजन करने के बाद स्वयं सेवको ने विश्राम किया। विश्राम करने के बाद 2:30 बजे से बौधिक सत्र चलाया गया। बौधिक सत्र मे मुख्य अतिथि श्री आनन्द सिह बिष्ट जी (सेवानिवृत प्रधानाचार्य) रा०इ०का मुनस्यारी रहे। उन्होने स्वयं सेवको को N.S.S. के ~~बारे~~ मे महत्व व N.S.S. से जीवन मे क्या-2 लाभ होते है। और स्वयं सेवको को अपने जीवन मे एक लक्ष्य लेकर आगे बढ़ने की जानकारी दी जिससे आप आगे जाकर सफल हो सको। और उन्होने स्वरोजगार से सम्बन्धित मस्त्य पालन एवं मधुमक्खी पालन की जानकारी भी दी। इसके बाद स्वयं सेवको ने ग्राम की चाय पी। और शाम को खेलकूद करने लगे। शाम को स्वयं सेवको द्वारा भजन कीरतन किया उसके बाद रात्री का भोजन बनाया गया 9:30 बजे सभी स्वयं सेवको ने भोजन किया और रात्री 10:00 बजे सभी लोग अपने-2 कमरो मे सो गये।

शुभ रात्री

प्राचार्य
स्व० डॉ० आर०एस० टोलिया
राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
मुनस्यारी

कार्यक्रम अधिकारी
राष्ट्रीय सेवा योजना
राजकीय महाविद्यालय

Scanned with OKEN Scanner

दिनाँक - 17|03|2023

## चतुर्थ दिवस आरम्भ

आज दिनाँक 17 मार्च 2023 को विशेष शिविर का चतुर्थ दिवस है। पूर्व की भाँति निर्धारित समयानुसार सभी कार्यक्रम ~~र~~ चलते रहे। तथा ठीक 9 बजे सभी स्वयं सेवक ~~सभी~~ नमजला गाँव की ओर भ्रमण की ओर गये। जहाँ पर मछली पालन के जगहो के आस पास की सफाई की गई और नमजला के ~~ज~~ जलस्रोतो की भी सफाई स्वयं सेवको द्वारा की गई। और गाँव मे स्वयं सेवको ने पोलोथिन की सफाई की और ग्रामवासियो को भी पोलोथिन का इस्तमाल न करने को कहा गया। सभी कार्यक्रम इसी तरह चलते रहे। और दिन के 11:30 बजे सभी स्वयं सेवक शिविर स्थल पर पहुँचे उसके बाद स्वयं सेवको द्वारा दोपहर 12:00 बजे नहाना धोना किया। 12:30 बजे स्वयं सेवको द्वारा दोपहर का भोजन करने के पश्चात विश्राम किया। ठीक 2:30 बजे बौधिक सत्र का कार्यक्रम प्रारम्भ किया गया जिसमे मुख्य अतिथि वनविभाग आर०एस० राणा एवं श्री तुला राम जी रहे उन्होने स्वयंसेवको को बताया किया वनो को आग लगने से बचाना चाहिए। और अपने स्तर से भी पेड पौधो को अधिक से अधिक संख्या मे लगाना चाहिए और लोगो को भी जागरूक करना चाहिए। वन विभाग के राणा जी ने स्वयं सेवको के साथ शिविर स्थल के आस-पास वृक्षा रोपण भी किया। उसके बाद स्वयं सेवको ने शाम की चाय पी और खेलकूद मे व्यस्थ रह गये। उसके बाद शाम 6:30 बजे से रात्री भोजन की तैयारी की गई। 8:00 बजे सभी स्वयं सेवको ने रात्री भोजन किया और रात्री 10:00 सभी स्वयं सेवक अपने 2 कमरे मे जाकर सो गये,

(सुभराज)

प्राचार्य
स्व० डॉ० आर०एस० टोलिया
राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
मुनस्यारी

17.03.2023
कार्यक्रम अधिकारी
राष्ट्रीय सेवा योजना
राजकीय महाविद्यालय
मुनस्यारी (पिथौरागढ़)

दिनाँक - 18-03-2023

PAGE 33

DATE

## पंचम दिवस

आज दिनाँक 18 मार्च 2023 को विशेष शिविर का पंचम दिवस है। नित्य कार्यक्रम प्रातः 5 बजे से प्रारम्भ हो कर प्रातः 6:30 बजे सरस्वती वन्दना एवं व्यायाम करने के बाद परिसर की सफाई की गई। प्रत्येक दिवसों की भाँति सभी स्वयं सेवको ने नास्ता किया फिर 9:30 बजे गाँव में सफाई अभियान चलाया गया। उसके बाद सभी स्वयं सेवक गंगनाथ मन्दिर से होकर रा० आ० प० रांथी। स्कूल में गये वहाँ के अध्यापको द्वारा स्वयं सेवको एन० एस० एस० के बारे में जानकारी दी गई।

उसके बाद स्वयं सेवक गाँव मे जाकर वहाँ की महिलाओ से धन, थुलमा, आदी बुनकरो की जानकारी प्राप्त की उनके नाम एवं मोबाइल नम्बर लिया गया। उसके 2:30 बजे बौधिक सत्र चलाया गया जिसके मुख्य अतिथि रा० आ० प० रांथी के प्राध्यापक नित्यानन्द मिश्रा जी रहे। उन्होने स्वयं सेवको को अनेक ज्ञान की बात बताई और स्वयं सेवको और रा० बा० इ० का० नमजला की बालिकाओ एन्टी ड्रग सेल की शपत ली। उसके बाद स्वयं सेवको शाम की चाय पी। और सभी स्वयं सेवक खेलकूद में व्यस्त रह गये। फिर शाम 6:30 बजे रात्री भोजन की तैयारी करने लगे। और स्वयं सेवक कीतन-भजन करने लगे। रात्री 8:00 बजे स्वयं सेवको द्वारा रात्री का भोजन किया। उसके बाद स्वयं सेवक सांस्कृतिक कार्यक्रम मे व्यस्त हो गये। रात्री 10:00 बजे सभी स्वयं सेवक अपने-2 कमरो में जाकर सो गये।

(शुभरात्री)

प्राचार्य
स्व० डॉ० आर० एस० टोलिया
राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
मुनस्यारी

18.3.2023
कार्यक्रम अधिकारी
राष्ट्रीय सेवा योजना
राजकीय महाविद्यालय
मुनस्यारी (पिथौरागढ़)

दिनांक - 19-03-2023

षष्ठम् दिवस (आरम्भ)

आज दिनांक 19 मार्च 2023 को प्रातः 5 बजे सभी स्वयं सेवको द्वारा चाय पी उसके बाद सभी ने सरस्वती ~~वन~~ वन्दना ~~किया~~ और व्यायाम ~~भी~~ करने के बाद स्वयं सेवको द्वारा 8:00 बजे नास्ता किया। उसके बाद सभी स्वयं सेवक ग्राम सभा दरकोट गये। जहा स्वयं सेवको द्वारा साफ सफाई की गयी और गाँव वासियो को पॉलीथीन न इस्तमाल करने की जानकारी दी। उसके प्रत्येक दिन की भाँति सभी स्वयं सेवको ने दोपहर का भोजन किया। उसके बाद 3:30 बजे बौद्धिक सत्र चलाया गया जिसमे श्री लक्ष्मण सिंह पांगती जी ने ऊनी पसमीना अंगूरा खरगोश के ऊन से बनने वाले टोपी, स्वेटर पँखी के बारे में बताया। और राजुला मालूसाही के बारे भी बताया और तिब्बत व्यापार उत्तराखण्ड का इतिहास, चंद्र वंश गोरखा एवं जोहार घाटी के स्वतंत्रता सेनानी बारे मे स्वयं सेवको को जानकारी दी। और पर्यावरण के बारे में भी बताया। श्री लक्ष्मण सिंह पांगती जी ने सभी स्वयं सेवको पढ लिखकर उच्च पद में जाने की शुभकामनाए दी। उसके बाद स्वयं सेवको द्वारा ~~चा~~ शाम की चाय पी उसके बाद सभी खेलकूद मे व्यस्त रहे गये। प्रत्येक दिवस की भाँति स्वयं सेवको द्वारा रात्री भोजन की तैयारी की गई। 8:30 बजे सभी स्वयं सेवको ने रात्री भोजन किया और उसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम चलाया गया। 10:00 बजे सभी स्वयं सेवक अपने-2 कमरे में सो गये।

(शुभ रात्री)

प्राचार्य
स्व० डॉ० आर० एस० टोलिया
राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
मुनस्यारी

19.03.2023
कार्यक्रम अधिकारी
राष्ट्रीय सेवा योजना
राजकीय महाविद्यालय
मुनस्यारी (पिथौरागढ़)

Scanned with OKEN Scanner

PAGE -34-
DATE

दिनांक - 20-03-2023

सप्तम् दिवस (आख्या)

आज दिनांक 20 मार्च ~~दिनांक~~ 2023 को प्रातः की नित्य क्रिया कलापों के पश्चात योगा, प्रार्थना, एन० एस० एस० कुल गीत का गायन हुआ, तत्पश्चात रा० बालिका इण्टर कालेज नमजला विद्यालय ~~की~~ के परिसर की स्वच्छता की गयी।

11:30 बजे सप्तम् दिवस के साथ ही शिविर के समापन ~~दिवस~~ का आयोजन किया गया, शिविरार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, समापन सभा की अध्यक्षता रा० स्ना० महा० विद्यालय मुनस्यारी के प्राचार्य प्रो० हितेश कुमार जोशी जी द्वारा ~~किया गया~~ की गई। इस सभा की मुख्य अतिथि रा० बालिका इ० का० कालेज नमजला की प्रभारी प्रधानाचार्य रही। कार्यक्रम अधिकारी NSS श्री चन्द्र प्रकाश आर्या ~~जी~~ द्वारा सात दिवसीय शिविर की आख्या प्रस्तुत की। अपराह्न के बाद छात्रों (शिविरार्थियों) का अपने घर की ओर ~~प्रस्थ~~ गमन किया गया।

प्राचार्य
स्व० डॉ० आर०एस० टोलिया
राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
मुनस्यारी

20.03.2023
कार्यक्रम अधिकारी
राष्ट्रीय सेवा योजना
राजकीय महाविद्यालय
मुनस्यारी (पिथौरागढ़)

Scanned with OKEN Scanner